# सरकार की मंशा किसानों की जमीन हड़पना :पंवार

**शाह टाईम्स संवाददाता**

**छपार।** किसान सेना अराजनैतिक की पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार ने कहा कि सरकार किसानों की जमीन हड़पकर पूंजीपतियों को देना चाहती है वे किसानों से मजदूरी करायेंगे और फसल को बाहर महंगे में बेचेंगे इसलिए संघर्ष व आंदोलन करने होंगे उन्होंने आगामी 20 जून को मंथन शिविर में अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया।गांव खिंदडिया में नीटू के आवास पर किसान सेना अराजनैतिक की एक पंचायत का आयोजन किया गया।पंचायत में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आ रहे हैं कुछ लोग चुनाव में जाकर कभी किसी पार्टी को जितावायेगें फिर दूसरे उनका काम दलाली का है उन्हें किसानों की कोई चिंता नहीं है ऐसे में महेंद्र सिंह टिकेत याद आते हैं उनका कहना था चुनाव नहीं किसानों की लडाई लड़ेंगे। किसान पूरे देश में परेशान हैं राजस्थान में सरसों है ,पूरब में धान है पश्चिम में गन्ना व बीच प्रदेश में आलू है सभी जगह हाहाकार मचा है। पूरब में पश्चिम को ओर इधर पूरब को अच्छा बताया जाता है। उनकी लडाई किसान को बचाने की है उनके बच्चों को बचाने की है। सरकार तेल इराक ईरान से खरीद रही है रुस से क्यों नहीं क्योंकि वहां सस्ता है। तेल महंगा हो गया किसान को तेल पर सब्सिडी क्यों नहीं मिल रही है। सरकार किसानों की जमीन हड़पकर पूंजीपतियों को देना चाहती है जो किसान से ही मजदूरी करायेंगे ओर फसल को बाहर महंगे में बेचेंगे। जमीन के भाव बढ़ गये है लेकिन किसान की फसल के दाम क्यों नहीं बढ़ते। इसलिए संघर्ष व आंदोलन करने होंगे उसके लिए किसान को संगठित होना पड़ेगा उन्होंने सभी किसानों से कहा कि किसान सेना को मजबूत करें वह दिन रात उनके साथ खड़े हैं जब भी बुलाओगे वे जो समय रास्ते में लगेगा उसे छोड़कर तुरंत आपके पास आयेगे। आगामी 20 जून को संगठन का हरिद्वार में मंथन शिविर है उसमें अधिक संख्या में पहुंचे। संगठन के मंडल अध्यक्ष मौहम्मद मुर. सलीन ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें जब भी आवाज देगे दुख- सुख में खड़े मिलेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खिंदडिया निवासी नीटू को संगठन का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है उसने संगठन के विस्तार का वादा किया है। गांव के किसानों ने भी पंचायत में हाथ खड़े कर समर्थन दिया है।इसरार त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मास्टर रणधीर सिंह, उस्मान प्रधान,अजब सिंह,मातम सिंह,आजाद सिंह,सतीश, बिजेंद्र सिंह,शुभम,बबलू व बिजेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।




# चरथावल क्षेत्र मे अपराधों की भरमार, कब होगा सुधार

**चरथावल।** क्षेत्र मे लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं, तो आम जनता में असुरक्षा का माहौल बनना लाजिमी है। आपने जिन विशिष्ट घटनाओं (जैसे कुटेसरा की पत्थरबाजी, रोनी हरजीपुर का विवाद और भूरा नामक व्यक्ति की मृत्यु के बाद की स्थिति) का जिक्र किया है, वे वाकई कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।इस पूरी स्थिति और पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने के लिए कुछ मुख्य पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है।शांति भंग (धारा 151/107/116) की कार्रवाई और उसकी सीमा पुलिस अक्सर शुरुआती तौर पर माहौल को तुरंत शांत करने और किसी बड़े दंगे या टकराव को रोकने के लिए प्रिवेंटिव एक्शन द्धनिवारक कार्रवाईऋ के रूप में शांति भंग की धाराओं का इस्तेमाल करती है। **चिंता का विषय** जैसा कि आपने कहा, अगर गंभीर मारपीट, घर में घुसकर हमला करने या पत्थरबाजी जैसी घटनाओं में भी पुलिस सिर्फ शांति भंग की मामूली धाराओं में चालान करके छोड़ देती है, तो अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म हो जाता है। कानूनन, गंभीर चोट पहुंचाने या दंगा करने पर कठोर आपराधिक धाराओं द्धजैसे प्च्ब/ठछै की संबंधित धाराएंऋ के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पुलिसिया कार्रवाई पर उठते सवाल **वीडियो साक्ष्य होने के बावजूद** अगर सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है, तो इसके पीछे कुछ मुख्य कारण हो सकते हैं **शिकायत का अभाव या समझौता** कई बार पीड़ित पक्ष स्थानीय दबाव, डर या आपसी समझौते के कारण पुलिस को लिखित में कड़ी शिकायत नहीं देता, जिससे पुलिस को मामला रफा-दफा करने का मौका मिल जाता है। **स्थानीय मिलीभगत या ढिलाई** निचले स्तर पर पुलिसकर्मियों की लापरवाही या स्थानीय दबंगों के साथ सांठगांठ भी अपराधियों के हौसले बुलंद करती है। **सुधार कब और कैसे होगा? (समाधान के रास्ते)** अगर स्थानीय स्तर पर पुलिस श्खानापूर्तिश कर रही है, तो कानून और प्रशासन में इसके सुधार के कई रास्ते मौजूद हैं

उच्च अधिकारियों से शिकायतरू यदि स्थानीय थाना (चरथावल) सुनवाई नहीं कर रहा है या हल्की धाराओं में मामला निपटा रहा है, तो पीड़ित पक्ष या क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक मुज" फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर वायरल वीडियो के सबूतों के साथ लिखित शिकायत दे सकते हैं। उच्च स्तर से आदेश आने पर स्थानीय पुलिस को सख्त धाराएं लगानी ही पड़ती हैं। न्यायालय की शरण सीआरपीसी 156/3 या संबंधित नए कानून)अगर पुलिस गंभीर मामले में दर्ज नहीं करती या आरोपियों को बचाती है, तो पीड़ित पक्ष कोर्ट के जरिए मजिस्ट्रेट के आदेश से उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करा सकता है।

**पुलिस द्वारा पीड़ित से ली जाती है मनमाफीक तहरीर**, अपराधियों के लिए बनती हे ढाल

चरथावल क्षेत्र की बात करे तो यहां पर अनेको मामले ऐसे हे जिनमे पुलिस द्वारा पीड़ितों से पहली तहरीर के बाद फिर दूसरी तहरीर ली जाती हे और उसमे अपराध की श्रेणी कम कर दी जाती हे यही कारण अपराधियों के लिए ढाल बन जाता हे और मनमाफीक धाराए लगने से अपराधीयों को बड़ी छूट मिल जाती है।

**शासन की मंशा अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की रही है ,** लेकिन जमीनी स्तर पर उसे लागू कराने के लिए जनता की सजगता और उच्च अधिकारियों तक सही बात पहुंचाना बेहद जरूरी है।

बल्कि कई बार अनेको घटनाओ मे पीड़ित को पुलिस की मनमर्जी का शिकार होना पड़ता हे और आरोपियों से पुलिस की साठगाठ पीड़ितों का उचित धाराओं मे मुकदमा दर्ज न होने से पीड़ितों के हौसले टूट जाते हे और अपराधियों के हौसले बुलंद हो जाते हे जिस कारण पीड़ित पक्ष हीन भावना का शिकार हो जाता है।

# योग और प्राकृतिक जीवनशैली से मोटापा नियंत्रण का संदेश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय योग संस्थान, खतौली के तत्वावधान में मंगलवार को पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण योग शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। 3 जून से 7 जून तक चलने वाले इस शिविर का उद्देश्य योग एवं प्राख्रतिक जीवनशैली के माध्यम से लोगों को मोटापे से मुक्ति दिलाने के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर निर्मल कुमार जैन, बाबूराम वर्मा एवं जगमोहन जैन सहित संस्थान के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।

शिविर के पहले दिन 63 प्रतिभागियों ने नि:शुल्क पंजीकरण कराया, जिनमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक रही। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संच. ालन अरुण धारीवाल ने किया। उन्होंने गहरी एवं लंबीश्वास के अभ्यास तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ योग सत्र का शुभारंभ कराया। योग शिक्षकों नरेश अग्रवाल, अंजू बिवकर्मा, सीमा जैन, नीलम उपाध्याय, पदमा तोमर, अनुपम जैन, अंजली सिंह, सरिता शर्मा एवं प्रवीत कुमार ने त्रिकोणासन, कोणासन, योग मुद्रा, उष्ट्रासन, सर्पासन, पादचक्रासन, बालक्रीड़ा, मधुर हास्य एवं शवासन सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया।

साध्वी ललिता जी ने प्रतिभागियों को शवासन का विशेष प्रशिक्षण दिया, जबकि सीमा गुप्ता ने सूक्ष्म व्यायाम एवं योग क्रियाओं की जानकारी दी। प्राणायाम सत्र में अरुण जैन ने अनुलोम-विलोम, अग्निसार और उढियान बंध का अभ्यास कराया। ध्यान सत्र का संचालन अनीता मेहता ने किया।

इस दौरान आयोजित



मेडिकल कैंप में प्रतिभागियों की शुगर, रक्तचाप, वजन और आक्सीजन स्तर की नि:शुल्क जांच भी की गई। मेडिकल कैंप की व्यवस्था राकेश गुप्ता, धीरज भार्गव, बाबूराम वर्मा, अरुण जैन, डा. ब्रह्मदत्त एवं अन्य पदाधिका. रियों ने संभाली। संस्थान के पदा. धिकारियों ने कहा कि शिविर के माध्यम से मोटापा नियंत्रण, स्वास्थ्य संवर्धन और योग आधारित जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# बोर्ड बैठक में 70 विकास कार्यों को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर बुढ़ाना के सर्वांगीण विकास को रफ्तार देने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में बुधवार के दिन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जन सुविधाओं से जुड़े 70 विकास कार्यों के प्रस्तावों को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। इस बैठक में बुढ़ाना नगर के धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों को नया रूप देने पर भी विशेष फोकस रहा। बोर्ड ने ईदगाह, पीर शाह विलायत के कब्रिस्तान और कुरैशियों वाले कब्रिस्तान के सौंदर्यकरण के प्रस्ताव भी पारित किए। इसके तहत इंटरलॉकिंग, प्रकाश व्यवस्था, चार दीवारी की मरम्मत और साफ सफाई के काम करवाए जाएंगे। नगरवा. सियों की दैनिक जरूरतों को भी ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर स्टील बेंच लगवाने, नए पार्क विकसित करने, शवगृह में फीजर की व्यवस्था करने और विभिन्न मार्गों और चौराहों पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्यों को भी स्वीकृति मिली। आगामी श्रावण कांवड़ मेला को भव्य और व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बोर्ड ने मेला क्षेत्र में साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश अपने कर्मचारी और अधिका. रियों को दिए। बैठक में अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, लिपिक सतीश पंवार सहित सभासद नियम पंवार, इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, नसीम अहमद, योगेश प्रजा. पति, विनीत शर्मा, कुनाल पंवार, जोगेन्द्र जाटव, उषा चौहान, सुनीता जाटव, पुष्पा पाल, नूरजहां नाज मंस. ूरी, साबरा कुरैशी, नितिन शर्मा आदि सभासद भी उपस्थित रहे। बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल ने कहा कि बुढाना नगर पंचायत सभी समुदायों की जरूरतों को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करा रही है। हमारा लक्ष्य बुढ़ाना नगर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक नगर बनाना है।

## सभासद इमरान कुरैशी ने बोर्ड बैठक में रखे कई अहम प्रस्ताव

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना की बोर्ड बैठक में सभासद इमरान कुरैशी ने जनहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। जिनमे ईदगाह बुढाना में कीचड़ से नमाजियों को काफी समस्या होती है इससे निजात के लिए ईदगाह में इंटरलॉकिंग फर्श का निर्माण हो और साथ ही ईदगाह के दो गेट का सोंदयकर्ण हो। दूसरा प्रस्ताव पुराने केनरा बैंक वाले चोक का है। यहां सभासद इमरान कुरैशी ने चोक बनाए जाने और यहां के सोंदयकर्ण की मांग की है साथ ही उक्त चोक का नाम किसी महापुरुष के नाम पर रखा जाए। इसके अलावा कुरैशियों वाले कब्रिस्तान का सोंदयकर्ण की मांग रखी। इसकी मांग काफी समय से होती आ रही है। इसके अलावा अबरार कुरैशी के मकान से इस्माइल कुरैशी के मकान तक ओर नवाब कुरैशी के मकान से सपा नेता जमशेद अंसारी के मकान तक सीसी रोड के निर्माण और ऊपर से जाली लगाए जाने का प्रस्ताव रखा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम आकिब (AAQIB) से बदलकर आकिब अंसारी (AAQIB ANSARI) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे इसी नाम आकिब अंसारी से ही जाना व पहचाना जाए।
Add: AAQIB ANSARI S/o Shehezad, 8 Deen Mohammad, Sujru, Muzaffarnagar-251003

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री ज्योति मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गयी है तथा परिवार से अलग कहीं रहती है। मैंने ज्योति से सभी सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन देन की स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।
**धर्मपाल पुत्र श्री रामकिशन**
**निवासी- ग्राम झबरपुर, हरिनगर,**
**थाना पुरकाजी,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नं- H8949671 में मेरे पिता का नाम पुरुषोत्तम मित्तल एवं माता का प्रेम लता मित्तल दर्ज हो गया है जो गलत है जबकि सही नाम क्रमश: पुरुषोत्तम कुमार मित्तल एवं प्रेम लता है
**सुनीत मित्तल**
**पुत्र श्री पुरुषोत्तम कुमार मित्तल**
**649, संजय मार्ग, पटेल नगर,**
**मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे पांच बच्चे हैं जो सभी विवाहित हैं। मेरा एक पुत्र नईम खान व पुत्रवधु परिवार के सदस्यों के कहने सुनने में नही हैं। आये दिन छोटी-छोटी बातो को लेकर आपस में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौच कर लडाई झगडा रखते हैं। समझाने के बाद भी ये अपनी हरकतो से बाज नहीं आ रहे है जिस कारण मैंने अपने पुत्र नईम खान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का नईम खान से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही रहा है। यदि नईम खान भविष्य मे किसी से कोई लेन देन या वाद विवाद रखता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होंगा। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।
**गुलनाज़ पत्नि कल्लन**
**निवासी- ग्राम जसोई,**
**थाना तितावी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं परवीन बानो पत्नी जमील निवासी हर्रा जिला मेरठ हाल पता जाकिर कालोनी शफीपुर पट्टी बुढाना देहात तहसील बुढ़ाना थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर की निवासी हूं। मेरा पुत्र सुहैल पुत्र जमील और पुत्र वधु श्रीमती गुलशबा पत्नी सुहैल निवासी हर्रा हाल पता जाकिर कालोनी शफीपुर पट्टी बुढाना देहात तहसील बुढाना थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने सुनने में नही हैं। मैं जिस काम से इनको मना करती हूं उसी काम को जोर देकर करते हैं। जिससे में व मेरा परिवार काफी तंग व परेशान है। इसलिए मैं अपने पूरे होशों हवास में सोच समझकर अपने लडके सुहैल व पुत्रवधु श्रीमती गुलशबा से अपने पारिवारिक रिश्ते को खत्म कर अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में दोनों अपने किसी अच्छे बुरे कृत्य के खुद जिम्मेदार होंगे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# मंत्री कपिल के प्रयासों से पीस लाइब्रेरी परिसर के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** नगर के मध्य स्थित ऐतिहासिक पीस लाइब्रेरी परिसर के लंबे समय से लंबित प्रकरण के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल सामने आई है। उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल के सतत प्रयासों, दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनहितकारी पहल के परिणामस्वरूप इस बहुमूल्य सार्वजनिक संपत्ति के विकास का मार्ग अब प्रशस्त होता दिखाई दे रहा है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल के अनुरोध एवं सकारात्मक संवाद के उपरांत पीस लाइब्रेरी के सचिव रहे अधिवक्ता सुशील कुमार ने परिसर से संबंधित विभागीय एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के समाधान हेतु सहमति प्रदान की है। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता सुशील कुमार द्वारा न्यायालय के माध्यम से आवश्यक विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण कर परिसर को नगर पालिका परिषद के सुपुर्द करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण स्थल का सुनियोजित एवं आधुनिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्स, आधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय, अध्ययन केंद्र तथा पर्याप्त वाहन पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाएगी। यह परियोजना विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इसके अतिरिक्त, नगर में लगातार बढ़ रही यातायात एवं पार्किंग संबंधी चुनौतियों के समाधान में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आधुनिक शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाने वाला यह परिसर नगर की आधारभूत संरचना को नई मजबूती प्रदान करेगा।



**पीस लाईबेरी के संचालक वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार से मुलाकात करते कपिल देव।**

# स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने शुकदेव मंदिर में की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** हनुमन्तधाम के नए पीठाधीश्वर स्वामी आंनद स्वरुप सरस्वती महाराज भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुंचे और सिद्ध अक्षय वट की परिक्रमा कर शुकदेव मंदिर में दर्शन और पूजन किया। उन्होंने कहा कि तीर्थ जीर्णोद्धारक, महान संत विभूति स्वामी कल्याणदेव महाराज से वैराग्य, त्याग और सेवा की प्रेरक ऊर्जा मिली।

हनुमतधाम के ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज के उत्तराधिकारी स्वामी आंनद स्वरुप सरस्वती ने भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में परम् संत स्वामी कल्याणदेव महाराज के समाधि मंदिर में श्रद्धाजंलि अर्पित कर संत विभूति की पवित्र स्मृति को नमन किया। सिद्ध अक्षय वट की परिक्रमा कर उन्होंने शुकदेव मंदिर में दर्शन और पूजन किया। उन्होंने वीतराग स्वामी कल्याणदेव संग्राहलय का अवलो. कन कर भागवत पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से भेंट की और आशीर्वाद लिया।

स्वामी आंनद स्वरुप सरस्वती ने कहा कि वैराग्य भाव से वह वर्ष 1986 में पहली बार भागवत धरा पर आए थे। पावन अक्षय वट के नीचे स्थित हनुमान मंदिर में 21 दिन तक पाठ किया। पहली बार विरक्त संत विभूति स्वामी कल्याणदेव महाराज के दर्शन किये और उनकी स्नेह कृपा प्राप्त कर वैराग्य की मूल भावना को समझा।ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज का आत्मिक सानिध्य मिला और उन्हीं की सेवा में तल्लीन रहकर सन्यास दीक्षा ग्रहण की। गुरु के कार्यो को निष्ठा से संपादित करना उनका कर्तव्य है।

पीठाधीश्वर ने उन्हें शॉल, शुकतीर्थ साहित्य, प्रसाद भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की मंगल शुभकामनाएं दी। कथा व्यास सुमन ख्रष्ण शास्त्री, आचार्य अरुण, दीपक मिश्रा, सुभाष , राजेंद्र, मनोज आदि मौजूद रहे।

## गन्ने की उन्नत किस्मों व नवीन तकनीकों का हुआ प्रदर्शन

**बुढाना।** भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम में चल रहे विभिन्न अनुसंधान प्रयोगों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस दौरान संस्थान में गन्ने की उन्नत किस्मों, अंत: फसलों और नवीन कृषि तकनीकों का अवलोकन किया गया। संस्थान के भ्रमण के दौरान किसानों, वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने गन्ना अनुसंधान से जुड़ी नई तकनीकों और फसल प्रबंधन की विधियों को नजदीक से देखा। कार्यक्रम में आईसीएआर संस्थान के निदेशक डॉक्टर सुनीत कुमार, लखनऊ केंद्र के निदेशक डॉक्टर आरआर सुनीत और मेक्सिको के वैज्ञानिक डॉक्टर रहिसान लैंग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा और संजय शर्मा सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे।

# आरएसएस की महिला समन्वय समिति की बैठ

**मुजफ्फरनगर।** कल राष्ट्र स्वयंसेवक संघ की महिला समन्वय समिति की परिचयत्यामक बैठक हुई डॉ श्वेता कौशिक विभाग सयोंजिका लक्ष्मीनगर के आवास पर सम्पन हुई, जिसमें महिला समन्वय की प्रान्त सयोंजिका वेद प्रभा दीदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

अतिथियों को देवी अहिल्या बाई होल्कर जी की प्रतिमा भेट की। बैठक में आयी सभी प्रबुद्ध बहनो का ह्वदयतल से आभार और राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए समाज और नारी शक्ति को जागरूक करने का दृढ़ संकल्प लिया।

बंधु, डॉ वंदना शर्मा, मंजरी भारद्वाज, मीनाक्षी मित्तल, दीपा त्यागी प्रतिभा डिमरी, दिव्या गर्ग, पूनम चौधरी, प्रशस्ति मैनी, सुधा त्यागी, पंकज राठी, अंजू शर्मा जी काफ़ी संख्या मे बहनें उपस्थित रही।



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**


मेरा पुत्र अमजद मेरे व मेरे परिवार वालो के कहने सुनने से बाहर है। जिनका चाल-चलन ठीक नही है। मै व मेरा परिवार उनकी गलत हरकतो से तंग आकर बडा दुखी व परेशान है। इसलिये मै आज से अपने पुत्र अमजद से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ तथा उससे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल करता हूँ आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का मेरे पुत्र अमजद से किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नही रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। यदि वह किसी अन्य व्यक्ति से कोई लेन-देन या अन्य कार्य किसी व्यक्ति के साथ करता है तो वो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।
**उमरजान पुत्र नत्थू**
**निवासी ग्राम सांझक,**
**थाना-शाहपुर, तहसील सदर,**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**

# होमगार्ड ने भोपा गंगनहर में लगाई छंलाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर में तैनात होमगार्ड ने भोपा स्थित पुल से गंगनहर में छंलाग लगा दी।जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ इकठा हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी कर पीएसी बाढ़ राहत टीम की मदद से होमगार्ड की गंगनहर मे तलाश शुरू कर दी है।

थाना छपार क्षेत्र के रामपुर तिराहा निवासी 55 वर्षीय आंनद कुमार पुत्र रतन सिंह बुधवार की दोपहर बाइक द्वारा भोपा पुल पर पहुंचा।तथा नहर की पश्चिम पटरी पर बाइक खड़ी कर बदहवास हालत में इधर उधर टहलने लगा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार



आनन्द पुराने पुल पर बनी दीवार व तार बाढ़ को फांदकर मध्य में पहुंच गया।और मोबाइल तथा पर्स को पुल की मेढ़ पर रखकर तुरन्त नहर में छलांग दी।आनन्द को नहर में छलांग लगाता देख आसपास मौजूद लोगो ने शोर मचाया।मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकठा हो गयी।सी ओ देवव्रत वाजपेयी,प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह भी मौके पर पहुंचे।मोबाइल व पर्स में मिले कागज़ात से आनन्द की पहचान हुई।तथा परिजनों को सूचना दी गयी।वहीं नहर में डूबे अलीशान के शव की तलाश में जुटी मेरठ 44 पीएसी बाढ़ राहत दल की टीम ने आनन्द की तलाश शुरू कर दी।गोताखोर राजीव बेनीवाल ने भी आनन्द की नहर में तलाश की। किन्तु उसका कोई पता न चल सका।मौके पर परिजन पहुंच गए।परिजनों ने बताया कि गृह क्लेश के चलते आत्महत्या की



है।आनन्द की नहर में तलाश जारी है।आनन्द के परिवार मे पत्नी कविता देवी, शादीशुदा पुत्र राहुल कुमार, सोनू कुमार हैं। क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया की गंगनहर होमगार्ड आंनद कुमार की तलाश जारी है।आनन्द होमगार्ड के रूप में ट्रैफिक पुलिस मुज़फ्फरनगर में डडूटी पर तैनात था।

# 94 वर्ष से रह रहे परिवार को उजड़ने का डर

## घासीपुरा फार्म के 32 परिवारों ने मांगा इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम घासीपुरा फार्म में 32 परिवार बेदखली के खतरे का सामना कर रहे हैं। इन परिवारों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि वह 1932 से यही पर रह रहे है। ग्रामीणो ने बताया कि उनके पूर्वजों को सरशादी लाल गार्डन की देखभाल और खेतीबाडी के लिए उन्हे यहां जमीन देकर बसाया गया था और यहां के उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर लिस्ट व अन्य प्रमाण है। अब सरशादी लाल कम्पनी ने फर्म को दूसरी कम्पनी को बेच दिया है। उन्हें प्रबंधन पुन: यहां से जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। कचहरी पहुंचे ग्रामीणों ने



बताया कि उनके पूर्वजों से सम्बन्धित कुछ पुराने दस्तावेज समय के साथ वापस ले लिये गये थे जिससे उनके पास स्वामित्व सम्बन्धी कागजात नही है। इन परिवारों ने निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगायी है।

# संजीव संगम चुने गए राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिलाध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्ष 2017 में भगवान दक्ष प्रजापति जयंती के आयोजन को लेकर 23 मई 2017 को एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें जल्दबाजी में गांधीनगर निवासी सचिन प्रजापति को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया था।

उक्त निर्णय का समाज में व्यापक स्तर पर विरोध हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 30 मई 2017 को समाज की एक विशाल एवं प्रतिनिधिक बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध समाज बंधुओं की सर्वसम्मति से संजीव संगम प्रजापति को जिला अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व में छह वर्षों तक भगवान दक्ष प्रजापति जयंती सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उन्होंने प्रत्येक वर्ष समाज के समक्ष आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत कर पारदर्शिता बनाए रखी तथा समाज को संगठित एवं सक्रिय रखने का कार्य किया।

कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी परिस्थितियों के अनुरूप जयंती एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा गया। छह वर्षों तक सफलतापूर्वक दायित्व निभाने के उपरांत उन्होंने अध्यक्ष पद को गरिमापूर्ण ढंग से छोड़ा।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की सवेरे बुढाना शाहपुर किनौनी गेट के निकट तेज रफ्तार पिकअप ने हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं की बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर थी। स्थानीय पुलिस ने तुरन्त ही जिला अस्पताल पहुंचाया और तुरन्त ही इस दुखद घटना की जानकारी मृतक व घायल के परिजनों को दी। हरियाणा राज्य के गांव खरखौदा थाना सोनीपत निवासी 19 वर्षीय मनीष पुत्र फूल कुमार आईटीआई का छात्र था और अब वह नौकरी की तलाश में था। मंगलवार की रात मनीष अपने साथी शुभम पुत्र बिजेन्द्र के साथ सोनीपत से गंगास्नान के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इसके पीछे उसके दूसरे साथी देवकुमार व रवि दूसरी बाइक पर चल रहे थे जैसे ही ये लोग शाहपुर मार्ग किनौनी गेट के निकट पहुंचे तो अचानक पीछे से आई पिकअप ने बाईक में टक्कर मार दी। दोनों श्रद्धालु दूर जाकर गिरे और बुरी तरह कुचले गये। काफी देर तक मनीष व रवि सडक पर पडे रहे और अधिक खून बह जाने के कारण मनीष की मौत हो गई। शुभम व मौके पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी पीडित परिवार को दी।

## सर्जन की कमी से मरीज परेशान

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में सर्जन की कमी से यहां आने वाले मरीज पूरी तरह परेशान हैं। पहले जिला अस्पताल की ओपीडी दो डाक्टर करते थे। एक डाक्टर ओटी में ऑपरेशन करते थे तो दूसरे डाक्टर ओपीडी में मरीजों को देखते थे। बता दें कि जिला अस्पताल में सर्जन डा.पंकज अग्रवाल और डा.चारू हैं। दोनों ही डाक्टर सर्जन है और पंकज अग्रवाल सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखते थे। इसके अलावा वह बाकी दिनों में मरीजों का ऑपरेशन करते थे। उधर डा.चारू मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को ओपीडी करती थी जबकि बाकी दिनों में वह ओटी में ऑपरेशन करती है। अब डा.पंकज अग्रवाल के रिटार्यटमेंट के बाद डा.चारू ही ओपीडी व आपरेशन करती है। जिसके चलते एक डाक्टर की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

# 120 करोड़ की ठगी के आरोप में कम्पनी की डायरेक्टर को जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 120 करोड की ठगी का मामला पुरकाजी थाने तक पहुंचा तो पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे में आरोपी सेनेमी कम्पनी की डायरेक्टर को जेल हो गई है। आरोपी डायरेक्टर के पति सहित चार लोगों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

बता दें कि ग्राम खेडकी निवासी अमित ठाकुर पर कुछ लोगों ने सेनेमी कम्पनी में धोखाधडी कर रूपये ऐठने का आरोप लगाया था। मामले में अमित कुमार सहित चार लोग जिनमें शादाब, अमित, सरफराज व सतीश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में कम्पनी की डायरेक्टर इसी आरोप में फरार चल रही थी। बीती रात पुलिस ने उक्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला अक्टूबर 2026 का है।

पुलिस ने इस मामले में डायरेक्टर के मकान पर 82 का नोटिस भी चस्पा कर दिया था। पुलिस का कहना है कि घटना के समय से महिला फरार चल रही थी।

# देर रात जिला अस्पताल पहुंचे मंत्री कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला चिकित्सालय में देर रात उत्तर प्रदेश सरकार में व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)कपिल देव अग्रवाल ने अस्पताल पहुंचकर यहां भर्ती मरीजों का हाल जाना। उन्होंने अस्पताल का स्वच्छ सेवा और मरीजों को मिलने वाली सुविधा के सम्बन्ध में जानकारी ली और सम्बन्धित अधिकारी को मरीजों की आने वाली दवाईयां एवं अन्य सुविधाओं के बारे में बात की।

जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर नगर में शिकायतों की बारिश हो रही है। जिला अस्पताल में जहां रिश्वतखोरी की शिकायते आये दिन देखने को मिल रही है तो इसकी शिकायत जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक की जा रही है। इसी के चलते मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अस्पताल पहुंचकर मरीज व तीमारदारों से सीधे संवाद किया।

इस दौरान मंत्री नें अस्पताल के विभिन्न वार्डो और शौचालय तथा परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उपचार, दवाई की उपलब्धता एवं अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार के सम्बन्ध में जानकारी ली। कई बीमार व तीमारदारों ने अपनी बात रखी। इस समय यहां बेड पर एक से तीन तक मरीज लेटे हुए मिले।



उन्होंने इस पर नाराजगी जताई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जिला अस्पताल को लेकर लगातार शिकायते हो रही है कभी इलाज के नाम पर पैसे मांगने तो कभी दवाई न मिल पाने व कभी डाक्टरों व कर्मचारियों का अभद्र व्यवहार। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सीएमएस को भी निर्देश दिये गये है कि भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी के विरूद्व कार्यवाही हो। मंत्री ने मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए भी कहा।

# कातिलाना हमले में 3 आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** करीब दस वर्ष पूर्व जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। यह मामला 2016 का है और इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद सबूत के अभाव में तीन आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया है। कातिलाना हमले में हरिओम सैनी, विपिन व राजकुमार नामजद हुए थे।

बताया जाता है कि 7 जून 2016 को तत्कालीन मंसूरपुर चेयरमैन श्यामपाल ने अपने भाई मैनपाल पर कातिलाना हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। यह विवाद दो पक्षों में हुआ था और मारपीट में कातिलाना हमला हुआ था जिसमें पुलिस ने धारा 307,323,324,504,506 आई.पी.सी.के तहत मुकदमा दर्ज किया था। हरिओम सैनी पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम अभिपुरा व विपिन तथा राजकुमार पुत्रगण संतोष निवासी जोहरा जेल गये थे। यह मामला करीब 10 वर्ष से कोर्ट में विचाराधीन था। अभियोजन की ओर से 10 गवाह पेश किये गये और कुछ सबूत भी कोर्ट में रखे गये। न्यायधीश के समक्ष केस डायरी व मुकदमे से जुडे अन्य दस्तावेजों को भी रिकार्ड पर लिया गया था। इन सभी सबूत व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने तीनों को निर्दोष माना जहां अदालत ने गुण दोष के आधार पर फैसला सुनाते हुए तीनों को बरी कर दिया है। इस मामले में अधिवक्ता श्रवण कुमार, शुभम सहरावत, विशेष सहरावत व अभिषेक ने पैरवी की। यह मामला अब 10 वर्ष बाद सुनवाई पर आया तो नामजद लोगों को निर्दोष पाये जाने पर एकपक्ष ने कोर्ट की सराहना की।

## स्नान के दौरान 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत

**बुढ़ाना।** तीर्थनगरी कुरुक्षेत्र में स्थित पवित्र ब्रह्मसरोवर में स्नान करने आए बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक श्रद्धालु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान लगभग 50 वर्षीय कन्हैया लाल उर्फ सिल्लू पुत्र मास्टर रामबीर सैनी निवासी गांव लुहसाना के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया लाल बीती मंगलवार को अकेले कुरुक्षेत्र पहुंचा था और ब्रह्मसरोवर में स्नान करने के लिए उतरा था। कुछ ही देर बाद वह पानी में बेसुध हालत में मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कन्हैया को बाहर निकालकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई वीरेंद्र कुमार जो कि भारतीय सेना से रिटायर हैं ने बतलाया कि उन्हें गांव के रितेश राठी और पुलिस से सूचना मिली कि कन्हैया ब्रह्मसरोवर में नहाते समय बेहोश हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में कन्हैया का शव रखा मिला। वीरेंद्र के मुताबिक कन्हैया मानसिक रूप से थोड़ा परेशान रहता था और उसे कम सुनाई देता था।

## कार की टक्कर से घायल ग्रामीण की हुई मौत

**फुगाना/बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव भौरां खुर्द निवासी विनोद कुमार की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे की खबर से जहां परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया वहीं गांव में भी मातम पसर गया। गमगीन माहौल में परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार के दिन मृतक विनोद कुमार का सैंकड़ों ग्रामीणों की मोजूदगी में नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विनोद कुमार बीती मंगलवार को खेड़ा मस्तान गांव से पैदल अपने गांव भौरां खुर्द जा रहे थे। तभी बस अड्डे के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से घायल अवस्था में विनोद कुमार को तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य विनोद कुमार की हुई मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक के तीन छोटे बच्चे और वृद्ध माता पिता बताए गये हैं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं दूसरी और फुगाना पुलिस ने बतलाया कि अभी तक उक्त घटना की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी और कार चालक की तलाश की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा में 12 केंद्रों पर हुई टीजीटी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुई निष्पक्ष और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा।

3 और 4 जून को जनपद के 12 केंद्रों पर दो-दो पालियों में होने वाली यह परीक्ष उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित कराई जा रही है।

परीक्षा के पहले दिन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, डीएम और एसएसपी ने अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और डड्रटी पर तैनात कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त न करने के स्पष्ट निर्देश दिए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्याप्त पुलिस बल और कड़ी निगरानी व्यवस्था तैनात की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है। केंद्रों के बाहर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने डड्रटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखें। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन ने दावा किया है कि परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। 12 परीक्षा केन्द्रों पर हुई प्रथम पारी की परीक्षा में कुल 5753 परीक्षार्थियों में से मात्र 2857 ने परीक्षा दी और 2896 ने परीक्षा छोड दी। वहीं दूसरी पारी में 5258 में से 2421 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और केवल 2837 छात्र ही परीक्षा देने आये।

# सीएचसी में प्रशिक्षार्थी छात्राओं का उत्पीड़न, हंगामा

**जानसठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कुछ छात्राओं को कथित रूप से परेशान किए जाने की शिकायत को लेकर बुधवार को भाजपाई बड़ी संख्या में सीएचसी पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार, सीएचसी में बीआईटी संस्थान के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी दौरान कुछ छात्राओं को कथित रूप से दुसरे समुदाय के छात्रों के द्वारा परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना क्षेत्र में फैलने पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सीएचसी पहुंच गए और अस्पताल प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की। भाजपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ छात्रों द्वारा छात्राओं को परेशान किया जा रहा था, जिससे प्रशिक्षण का माहौल प्रभावित हो रहा था। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की।पुलिस मोके पर पहुंची और पुलिस ने अस्पताल प्रशासन और मौजूद लोगों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अर्जुन सिंह ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य को बुलाकर पूरे प्रकरण पर चर्चा की जाएगी तथा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में अनुशासन और सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी छात्र या छात्रा की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी भी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। वहीं, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग स्तर पर मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित खत्री, ठाकुर प्रदीप राणा,अंकित शर्मा, गौरव वाल्मीकि, विकास सैनी, अमित वाल्मीकि, सुनील सैनी, आदि बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# गर्मी से राहत देने को आगे आए समाजसेवी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए कस्बे में जनसेवा के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जीटी रोड स्थित जैन कीर्ति स्तंभ के निकट यूनियन बैंक के पास सामाजिक सहयोग से रूह अफजा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सड़क से गुजरने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को ठंडा शरबत पिलाया गया। तेज गर्मी से परेशान लोगों ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की और आयोजकों के इस सेवा भाव की सराहना की। कई लोग कुछ देर रुककर विश्राम भी करते नजर आए।

आयोजन के संयोजक सरदार आर.पी. सिंह ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन की



सुविधा के लिए यह सेवा कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि मानव सेवा के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर किए जाते हैं और भविष्य में भी जनहित के ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।इस अवसर पर बीएसएनएल के सेवानिवृत्त अधिकारी ओ.पी. मीणा, डा. के.एस. भौज्ञान, राजबीर सिंह, नितिन, अनिल जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

उपस्थित लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में इस तरह के सेवा कार्य न केवल लोगों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में परोपकार और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# सपा नेताओं ने मृतक के परिवार को दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** विद्युत करंट लगने से 48 वर्षीय नोशाद मलिक की मौत हो गयी।नोशाद कि मौत के बाद परिवार में शोक छाया हुआ है।वहीं सांत्वना देने वाले गणमान्य व्यक्तियों का घर तांता लगा है।सपा नेताओं ने भी घर जाकर मृतक के परिजनों की ढांढस बंधाई है।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला तेलियान में प्रसिद्ध समाज सेवी अकरम मलिक के ज्येष्ठ पुत्र नोशाद मलिक की मौत उस समय हो गयी थी जब वह कूलर फैन में पानी डाल रहे थे। बीते 23 मई को घटी इस घटना के बाद मृतक का परिवार गहरे सदमें है।बुधवार को अकरम मलिक के आवास पर पहुंचे मुज़फ्फरनगर के पूर्व सांसद,व मोरना के पूर्व विधायक क़ादिर राणा ने परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाई।तथा घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इसके अलावा पूर्व सांसद क़ादिर ने अजय चेयरमैन के आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की तथा कस्बे में ही मसरूफ़ रॉव के आवास पर जाकर कुशलक्षेम जाना।क़ादिर राणा की पुत्रवधु सुम्बुल राणा हाल में क्षेत्र की मीराँपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा की प्रत्याशी रहीं थी।

इस दौरान अकरम मलिक, दिलशाद मलिक, अजय कुमार चेयरमैन, प्रधान रियासत अंसारी, प्रधान उन्नाव अली,काजी मौ. अफ़ज़ल,तौसीफ मलिक, मौ.



साजिद,महमूद मलिक, मसरूफ रॉव आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों पूर्व चेयरमैन,कैप्टन ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेश कुमार,वर्तमान चेयरमैन पुत्र सचिन कुमार वामन,कांग्रेस नेता डॉ. हाशिम रज़ा जैदी,काँग्रेस नेता सलमान सईद, आसपा नेता ज़ाहिद हसन,डॉ. अली शेर अंसारी,भाजपा नेता रामकुमार शर्मा आदि ने घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए परिजनों को सांत्वना दी है।

# हसनपुर लुहारी समिति पर खाद वितरण को हंगामा

- सही व्यवस्था न होने से भड़के किसान।
- रात्रि से लाइन में खडे किसान खाली हाथ लौटे।
- किसानों ने कट्टे गायब करने का आरोप लगाया।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी मे खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच खाद संकट से जूझ रहे किसानों का गुस्सा बुधवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) पर फूट पड़ा। समिति पर यूरिया खाद के 500 कट्टे पहुंचने की सूचना मिलते ही समिति से जुड़े आठ गांवों के किसान देर रात से ही खाद लेने के लिए पहुंच गए। हालात यह रहे कि कई किसान रात दो बजे से लाइन में लगे रहे लेकिन सुबह हंगामे और अव्यवस्था के चलते उन्हें खाद नहीं मिल सकी और अधिकांश किसान खाली हाथ लौट गए।

गांव में लंबे समय से यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। खाद आने की सूचना मिलते ही हसनपुर लुहारी समेत आसपास के गांवों से सैकड़ों किसान समिति परिसर में पहुंच गए। सुबह तक लंबी कतारें लग गईं, लेकिन खाद वितरण को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नजर नहीं आई। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती चली गई।किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधन की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि खाद का वितरण लाइन के आधार पर होगा या गांव के हिसाब किया जाएगा। इसी बात को लेकर किसानों और समिति कर्मचारियों के बीच कहासुनी हुई और बाद में हंगामे की स्थिति बन गई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि समिति में पहुंचे 500 कट्टों में से करीब 60 कट्टे खाद रात में ही गायब कर दिए गए। किसानों ने खाद के स्टॉक का सार्वजनिक सत्यापन कराने और पूरे मामले की जांच की मांग की।हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर शांत कराया। हालांकि खाद का वितरण नहीं होने से किसानों में भारी नाराजगी बनी रही। किसानों का यह भी आरोप है कि जिस दिन खाद का वितरण होता है उस दिन समिति के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहते जिससे अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो जाती है।इस संबंध में केंद्र प्रभारी अनिल वर्मा ने बताया कि समिति पर किसानों की संख्या अधिक थी, जबकि खाद की उपलब्धता सीमित थी। हंगामे की स्थिति को देखते हुए बुधवार को खाद वितरण नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को आवश्यक व्यवस्था बनाकर खाद का वितरण कराया जायेगा।हसनपुर लुहारी सहकारी समिति में 20 नवंबर 2025 के बाद से स्टॉक बोर्ड पर खाद उपलब्धता की जानकारी अपडेट नहीं की गई है। स्टॉक बोर्ड पर अंतिम प्रविष्टि 20-11-2025 की दर्ज है। इससे किसानों में संदेह पैदा हो रहा है कि समिति के जिम्मेदार अधिकारी खाद के वास्तविक स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से सार्वजनिक की जानी चाहिए। यदि स्टॉक बोर्ड समय-समय पर अपडेट किया जाए तो किसानों को खाद की उपलब्धता की सही जानकारी मिल सकेगी और अनावश्यक भ्रम व विवाद की स्थिति भी नहीं बनेगी। वर्तमान स्थिति में किसान यह जानने में असमर्थ हैं कि समिति में कितनी खाद आई कितनी वितरित हुई और कितना स्टॉक शेष है जिससे संदेह और असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

## हसनपुर लुहारी में पांच नलकूपों पर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बुधवार सुबह जब किसान अपने नलकूपों पर पहुंचे तो वहां सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित किसानों में राकेश धीमान, विनोद सैनी, अक्षय धीमान, प्रीतम सैनी और सचिन सैनी शामिल हैं। किसानों ने बताया कि चोरी की इस घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है और उनकी सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सक्रिय नशेड़ी प्रवृत्ति के लोग इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उनका कहना है कि करीब दो माह पूर्व भी गांव के आठ नलकूपों पर इसी तरह की चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं हो चुकी हैं।

# सीएम-एसपी को टैग करते ही हटाया अवैध कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौंला में खलियान की भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण करने की शिकायत पर पुलिस-प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुॅच निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया। ग्राम प्रधान का आरोप है कि पूर्व से ही राजस्व विभाग को कब्जे के सम्बंध मे अवगत करा दिया गया था लेकिन उपजिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार को आदेश के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई। बुधवार को जब दबंगो ने कब्जे वाली भूमि पर निर्माण शुरू किया तो शिकायत पर पहुॅचें अधिकारियों ने निर्माणाधीन दीवारो को गिरा दिया। पुलिस कार्यवाही के डर से कब्जाधारी दीवार फांदकर भाग गया। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला मे ग्राम प्रधान आदिल राणा द्वारा उपजिलाधिकारी को खलियान की भूमि खसरा नम्बर 297 पर गांव के सरफराज ,साजिद व हंसराज पुत्रगण यामीन उर्फ मिन्ना द्वारा अवैध कब्जे का आरोप लगाया था। जिसमे बताया गया था कि आरक्षित भूमि पर खडे बीस लिप्टिस के पेडो को भी दबंगो ने काटकर बेच लिया। लेकिन तमाम शिकायतो के बाद भी राजस्व विभाग सोता रहा। आरोप है कि शिकायत के बाद आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया,जिसमे ग्राम प्रधान की बाल-बाल जान बची।

बुधवार को आरोपी पक्ष ने राजमिस्त्री को लगाकर कब्जे वाली भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान ने राजस्व विभाग को मामले से अवगत कराया लेकिन किसी भी जिम्मेदार के कानो पर जूं नही रेंगी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने एक मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल किया और सीएम ,डीएम व एसपी को टैग कर टवीट किया गया। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर अवैध कब्जे को मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। लेखपाल अजीत कुमार ,लो. केश सैनी व चौकी प्रभारी संदीप यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुॅचें और जांच करते हुए निर्माणाधीन दीवारो को ध्वस्त करा दिया गया। पुलिस कार्यवाही के डर से मुख्य कब्जाधारी दीवार फांदकर फरार हो गया।

### 15 दिन बीतने के बाद भी सरकारी पेडो को चोरी नही हुई दर्ज

**चौसाना।** जिजौला के कब्जाधारियों द्वारा आरक्षित भूमि पर खडे व राजस्व अभिलेखों मे दर्ज लिप्टिस के पेडो को काटकर बेचने के मामले मे तहरीर दिए जाने के 15 दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नही हो सका। जिस कारण दबंगो के हौसले बुलंद हो गए। जिसका नतीजा रहा कि आरोपियों ने निर्माण करने का हौसला किया। शासन की मंशा के विपरित कब्जाधारियों पर राजस्व विभाग के अधिकारियों का रवैया होने के कारण बैखौफ सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुॅचाया गया।

# डिवाइडर से टकराकर छात्र की हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बाबरी क्षेत्र के गांव बंतीखेडा में डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृतक अपने परिवार का इकलौता पुत्र बताया जा रहा है, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार गांव हिरनवाडा निवासी अभिषेक पुत्र पवन सिंह शामली के सेंट आरसी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। बुधवार को वह अपनी बाइक से घर से कॉलेज के लिए जा रहा था। जैसे ही वह बंतीखेडा हाईवे स्थित कट के पास पहुंचा, उसने तेजी से कट पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल छात्र को तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बाबरी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजन अस्पताल पहुंच गए। बाद में परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ गांव ले गए। बताया गया कि मृतक अभिषेक परिवार का इकलौता पुत्र था और उसकी दो छोटी बहनें हैं। इस दुखद हादसे से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज आएंगे शामली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री श्री जयवीर सिंह 4 जून को शामली जनपद के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री जी अपराह्न 4:30 बजे इस्सोपुर टील, जनपद शामली पहुंचेंगे, जहां वे पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर ने बताया कि मंत्री जी के आगमन के अवसर पर विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

## गड्ढे से बचने के प्रयास में दो बाइकों की भिड़ंत, तीन युवक गंभीर घायल

**चौसाना।** चौसाना-बिडौली मार्ग पर सकौती गांव के निकट जुनैद व फरान निवासी देवबंद करनाल स्थित रिश्तेदारी से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं अंकित निवासी गांव गागौर अपनी बाइक से करनाल जिले के नंगला चौक स्थित एक चिकित्सक के यहां जा रहा था। सकौती के निकट सड़क पर बने गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल काफी देर तक सड़क किनारे पड़े रहे। राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक कोई एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। बाद में डायल-112 पुलिस को भी सूचना दी गई। घंटों इंतजार के बाद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए निजी वाहनों की व्यवस्था की। अंकित को उपचार के लिए करनाल अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि जुनैद और फरान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर चौसाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को अपने कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा करा दिया। सड़क पर बने गहरे गड्ढो को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

## 11 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा संकल्प दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि 11 जून को प्रदेशभर की सभी जनपद एवं नगर इकाइयों में संकल्प दिवस धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुभाष चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने बताया कि संगठन के तीन प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम होते हैं। इनमें 14 मई को स्थापना दिवस, 11 जून को संकल्प दिवस तथा 22 जुलाई को संस्थापक स्वर्गीय नेकीराम गर्ग की पुण्यतिथि शामिल है। उन्होंने बताया कि 11 जून को उनका जन्मदिवस भी होता है, जिसे संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आई कैंप, रक्तदान शिविर, अस्पतालों में मरीजों को भोजन वितरण तथा अपना घर आश्रम में भोजन सेवा शामिल है। वहीं 22 जुलाई को संस्थापक नेकीराम गर्ग की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, अमित गर्ग, महेश धीमान, ऋषभ जैन, मनोज मित्तल, रवि संगल, शिवांक गर्ग, रोहित संगल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म को लेकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पंसारियान में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को दबाव में लेकर उसके साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है। विश्व हिंदू परिषद ने की कार्रवाई की मांग मामला संज्ञान में आने के बाद पीड़िता की माँ ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद विहिप के जिला संयोजक अर्जुन गौतम, रवि कुमार, अंकित सैनी, हिमांशु और विशाल के साथ महिला कोतवाली पहुँची। महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री का मोहल्ले के ही एक दूसरे समुदाय के युवक से संपर्क था। आरोप है कि युवक ने नाबालिग पर दबाव बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुत्री पिछले कुछ समय से गुमसुम रह रही थी, जब माँ ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तब जाकर इस पूरी घटना का खुलासा हुआ। विशेष तथ्य इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी करीब चार दिन पहले सोशल मीडिया पर सामने आया था। उस वीडियो में पीड़िता की माँ यह आरोप लगा रही है कि युवक की हरकतों से परेशान होकर उसकी पुत्री ने किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की माँ की तहरीर के आधार पर मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर और वीडियो दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से तफ्तीश की जा रही है, और जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शामली में 1350 लीटर संदिग्ध ईंधन हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में अवैध रूप से डीजल एवं पेट्रोल के भंडारण तथा बिक्री के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत पूर्ति विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1350 लीटर संदिग्ध पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया है। संयुक्त टीम ने एक पिकअप वाहन को रोककर उसकी जांच की। तलाशी के दौरान वाहन से प्लास्टिक ड्रम, बैरल, कैन तथा तेल निकालने के उपकरण बरामद हुए। जांच में तीन बड़े बैरल, तीन छोटे बैरल और तीन प्लास्टिक कैनों में भरा लगभग 1350 लीटर संदिग्ध डीजल पाया गया। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में जानकारी मिली कि ईंधन को विभिन्न स्थानों से एकत्र कर अवैध रूप से अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बेचा जा रहा था। टीम ने बरामद पेट्रोलियम पदार्थ एवं अन्य सामग्री के नमूने लेकर उन्हें नियमानुसार सीलबंद कर परीक्षण के लिए सुरक्षित रखा। वाहन और बरामद सामग्री को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। मामले में जांच के बाद कई व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आने पर आवश्यक वस्तु अधि. नियम, 1955 की धारा 3/7 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत थाना कांधला में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रशासन ने संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए कैराना स्थित एक पेट्रोल पंप का भी बंद कराया है।

# कैराना में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक अनुष्ठान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर (जोड़वा कुआं मंदिर) में बुधवार को सात दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पहले दिन 17,250 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनका विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन कराया गया।अनुष्ठान का शुभारंभ शामली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद संगल ने मुख्य यजमान के रूप में सभी देवी-देवताओं का आ]वान कर किया। इसके बाद अन्य यजमानों के साथ मंडल पर विराजमान देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन किया गया। पहले दिन कुल सात यजमानों ने महाभिषेक अनुष्ठान में भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार ठाकुरद्वारा मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पहली बार सवा लाख पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। पंडित मनोज नौटियाल के सानिध्य में 11 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा यह अनुष्ठान 3 जून से 9 जून तक संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन 17 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनका अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। अनुष्ठान में आचार्य जनार्दन प्रसाद कोठारी, पंडित मनोज नौटियाल, पंडित गौरव भारद्वाज, पंडित हिमांशु, पंडित मोहित, पंडित सूरज, बटुक ब्राह्मण शिवांश नौटियाल, सागर नौटियाल, अनिकेत गौड़ एवं कार्तिक देवरानी सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मुकेश सिंघल, अनिल कुशल, नीपू, अनुज मित्तल, अरविंद मित्तल, डॉ. अमन अग्रवाल, सुनील मित्तल, हेमचंद वर्मा, बॉबी वर्मा, अनुज वर्मा, प्रदीप राणा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

## साप्ताहिक सत्संग मे भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

**थानाभवन।** नगर के श्री नरहरि दास मंदिर प्रांगण में श्री सनातन शिव शक्ति हनुमान मंडल के तत्वावधान में मंगलवार शाम आयोजित साप्ताहिक सत्संग में श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान का रसावादन किया। इस दौरान कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि सांसारिक सुख-साधनों और वासनाओं में आसक्ति अर्थात भोग भक्ति मार्ग का सबसे बड़ा बाधक है। उन्होंने कहा कि भोग में लिप्त रहने से मनुष्य की चेतना बाहरी संसार की ओर केंद्रित हो जाती है, जबकि भक्ति के लिए अंतर्मुखी होना आवश्यक है। सांसारिक सुखों की निरंतर इच्छा तृष्णा को जन्म देती है, जो आगे चलकर क्रोध, मोह और अहंकार जैसे विकारों का कारण बनती है। ये विकार भक्ति के मूल आधार समर्पण, श्रद्धा और विनम्रता को कमजोर कर देते हैं।राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि जो साधक सांसारिक भोगों में सुख खोजता है, वह ईश्वर को सर्वोपरि नहीं मान पाता। उन्होंने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि समस्त यज्ञों और कर्मों के वास्तविक भोक्ता परमात्मा ही हैं। इस सत्य को न समझने वाला जीव जन्म-मृत्यु के चक्र में उलझा रहता है।सत्संग के दौरान रवि तायल, सुनील सैनी और विकास सिंघल ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिए।कार्यक्रम में रवि तायल, सन्नी जिंदल, मुकेश अरोड़ा, नवीन गोयल मौजूद रहे।

## एक नजर......

### पानी भरने के विवाद में महिला पर लाठी-डंडों से हमला

**शामली।** खेड़ीकरमू निवासी पीड़िता शाहिदा ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला बिलाल नामक युवक उससे बेवजह रंजिश रखता है और आए दिन गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा रहता है। घटना 25 मई की सुबह करीब 10 बजे की है, जब शाहिदा अपने घर के बाहर लगे सबमर्सिबल पंप से पानी भर रही थी। आरोप है कि उसी समय वहाँ पड़ोस की रहने वाली शाबा आई और उसने शाहिदा को पानी भरने से जबरन रोक दिया। शाबा ने पहले खुद पानी भरने की बात कहते हुए शाहिदा को गालियां देनी शुरू कर दीं। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि शाबा के समर्थन में अकरम, बिलाल और गुलनाज भी लाठी-डंडे लेकर वहाँ पहुँच गए। इन सभी ने मिलकर शाहिदा को घेर लिया और उस पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण इकठ्ठा हुए, आरोपी पीड़िता को लहूलुहान कर और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची शहर कोतवाली पुलिस ने लहूलुहान हालत में शाहिदा को तुरंत शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति और अंदरूनी चोटों को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस ने शाहिदा की तहरीर पर बिलाल, अकरम, शाबा और गुलनाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### युवक ने साले और मामा-ससुर पर लगाया अस्पताल के बाहर पिटाई का आरोप

**शामली।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित अक्षय कुमार ने बताया कि उसका अपनी पत्नी ज्योति के साथ किसी घरेलू बात को लेकर मनमुटाव हो गया था। इसके चलते 31 मई की दोपहर को उसकी पत्नी ने आवेश में आकर खेत में छिड़कने वाली जहरीली दवाई पी ली। अक्षय अपनी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत शामली के एक निजी अस्पताल ले गया, जहाँ समय पर इलाज मिलने से ज्योति की जान बच गई। आरोप है कि घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुँचे अक्षय के साले शुभम (निवासी ऊन) और पत्नी के मामा अंकित (निवासी बहावड़ी) ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर अस्पताल के बाहर ही हंगामा शुरू कर दिया। आरोपियों ने अक्षय और उसके माता-पिता के साथ सरेराह गाली-गलौज की और उन पर हमला बोल दिया। इस दौरान अक्षय के सिर पर किसी नुकीली और धारदार चीज से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। अस्पताल के बाहर मौजूद राहगीरों और भीड़ ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। पीड़ित अक्षय का आरोप है कि इस मारपीट के बाद भी उसके ससुराल वाले उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और अपनी लड़की (ज्योति)को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने आशंका जताई है कि भविष्य में उसके या उसके परिवार के साथ कोई भी अनहोनी होती है, तो इसके जिम्मेदार शुभम, अंकित और उनका परिवार होगा। शहर कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार २०२६ के लिए मांगे आवेदन

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली ने बताया कि मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार छह श्रेणियोंकृवीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीकृमें प्रदान किया जाता है। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद शामली के ऐसे बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम है और जिन्होंने उक्त श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वे भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों तथा संबंधित विभागों से पात्र बच्चों के आवेदन समय से कराने की अपील की है। साथ ही आवेदन किए जाने की सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, शामली को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी उप जिलाधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खेल विभाग, को निर्देश जारी किए।



### लायंस क्लब दोआब ने शीतल पेय किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भीषण गर्मी के बीच लायंस क्लब शामली दोआब द्वारा शहर के फव्वारा चौक पर शीतल पेय वितरण शिविर का आयोजन कर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में विशु कम्बोज का सहयोग रहा, जबकि शिविर का उद्घाटन शहर चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया।

इस दौरान राहगीरों और आमजन को शिकंजी, जलजीरा, रिमझिम, कोका-कोला और फैंटा सहित विभिन्न प्रकार के शीतल पेय वितरित किए गए। कुल मिलाकर लगभग एक हजार बोतलों का वितरण किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। उद्घाटन अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक हजार लोगों की सेवा करना वास्तव में पुण्य का कार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि मिल रोड और फव्वारा चौक पर पिछले 45 दिनों से लगातार शीतल जल सेवा संचालित की जा रही है, साथ ही समय-समय पर विशेष सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष रजत अग्रवाल, नीरज गर्ग, सचिन गोयल, सोमेश गर्ग, विशु कम्बोज, राहुल अग्रवाल मौजूद रहे।


**सूचना**

दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443, 9897943340

कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# डीएम ने सीएचसी व गोशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने सीएचसी व वृहद गौशाला का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे चारे, पेयजल व्यवस्था तथा साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन किया।



बुधवार को डीएम ने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामली का निरीक्षण करते हुए इमरजेंसी कक्ष, एक्स-रे रूम, ओपीडी कक्ष, वैक्सीनेशन, कंगारू मदर केयर यूनिट,आई कक्ष, लेबर रूम, पैथोलॉजी लैब, हेल्थ एटीएम मशीन, शीत श्रृंखला कक्ष, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखते हुए शौचालय साफ सफाई पर विशेष फोकस के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करते हुए इमरजेंसी केस ओर उनको मिलने वाले उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते हुए मरीज को मिलने वाले ट्रीटमेंट का फॉलो-अप करने के निर्देश दिए। पैथोलॉजी प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए बायोकेमेस्ट्री मशीन का यूपीएस खराब था। जिसको तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। यहां हेल्थ एटीएम मशीन चालू थी जिसको सुचारू रखने का निर्देश दिए। वही इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित गौवंशों के स्वास्थ्य एवं देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौवंशों को नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने गौशाला परिसर में छाया एवं ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में गौवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिका. रियों को गौशाला की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान गौवंशों को हरा चारा उपलब्ध पाया गया और परिसर में पंखे भी चलते मिले। साथ ही गौचर भूमि पर ज्वार की फसल बोई हुई मिली। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सुधार कार्यों को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी सीबी कश्यप, डा. शिवेन्द्र प्रताप सिंह, विकास कुमार, रविन्द्र कुमार, संतीश कुमार, संचालक दिनेश कुमार, दिपेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला से अभद्रता और मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला बिसातियान निवासी सुषमा पत्नी रमेश ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले नितिन पुत्र जनेश्वर से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि करीब एक वर्ष पहले रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के दौरान उनके पति ने बीच-बचाव कराया था। तभी से आरोपी उनके परिवार से रंजिश रखने लगा और आए दिन गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देता रहा है। पीड़िता के अनुसार, मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे आरोपी शराब के नशे में उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने महिला के साथ खींचतान की और अभद्र व्यवहार किया।

## एक नजर

### सपा जिलाध्यक्ष का शामली में हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आजाद चौक स्थित समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव तोफीक कुरैशी के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से सक्रिय रूप से जुटने का आवान किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ताना ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना और समाजवादी पार्टी की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और पूरे आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर कालू, जावेद, सलीम कुरैशी, नदीम, वासिल गुर्जर, साजिद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भांजी व ननद पर हमला करने वाली भाभी गिरफ्तार

कैराना। ग्राम मलकपुर निवासी गुफरान पुत्र यूनुस ने थाना कैराना में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि गांव के ही सद्दाम पुत्र हनीफ और उसकी पत्नी सन्नो ने उसकी पत्नी और भतीजी के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बुधवार को थाना कैराना पुलिस ने वांछित आरोपी सन्नो पत्नी सद्दाम निवासी मलकपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद मुख्य आरोपी सद्दाम को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### 15 दिन में खुली बाइक चोरी की वारदात, आरोपी गिरफ्तार पार्ट्स बरामद

**कैराना।** ग्राम भूरा निवासी मुंशाद पुत्र जाहिद ने 10 मई को अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जंगल क्षेत्र से चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में थाना कैराना पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान सौरभ पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम पीरखेड़ा, थाना झिंझाना के रूप में हुई। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल के पार्ट्स बरामद हुए। बरामद सामान में दो टायर सहित व्हील, मोटरसाइकिल का हैंडल तथा नंबर प्लेट शामिल हैं।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कैराना।** मंगलवार रात थाना कैराना पुलिस ने एक युवक को रोक. कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आस मोहम्मद उर्फ कल्लू पुत्र ताहिर निवासी ग्राम गंदराऊ, थाना कैराना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पद छोड़ने को लेकर दबाव बनाने का आरोप

**शामली।** गांव लांक निवासी रवि मलिक ने जिलाधिकारी को दिए शपथ पत्र में बताया कि वह गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर ट्रस्ट में पदा. धिकारी है। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लगातार उस पर पद छोड़ने का दबाव बना रहे हैं और ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने बताया कि 31 मई को मंदिर के पुजारी भूप सिंह पर भी हमला किया गया था, जिसके बाद लांक चौकी पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई । इस पूरे घटनाक्रम से आहत होकर युवक ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर धर्म परिवर्तन की अनुमति देने की मांग की है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

**शामली।** गांव इस्लामपुर घसौली निवासी सावेज पुत्र मोहम्मद और इरफान पुत्र खलील जीजा-साले हैं। बताया जाता है कि मंगलवार रात दोनों अपने घर में बैठे हुए थे, तभी गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और बिना किसी विवाद के दोनों पर अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सावेज और इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## बॉर्डर पर उर्वरक दुकानों पर चला चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली के निर्देशों के क्रम में चौसाना तथा ऊन क्षेत्र में स्थित सीमा (बार्डर) की उर्वरक दुकानों पर बुधवार सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में जनपद शामली के जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार एवं सहारनपुर के जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों द्वारा दोनों जनपदों की सीमा क्षेत्र की दुकानों पर उर्वरक स्टॉक का गहन सत्यापन किया गया तथा आने-जाने वाले वाहनों की भी जांच कर उर्वरक की खरीद एवं परिवहन से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। मौके पर किसानों से भी वार्ता कर उन्हें दी जा रही उर्वरक आपूर्ति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि कृषि भूमि के आधार पर अधिकतम डीएपी 05 बैग तथा यूरिया 07 बैग ही उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे अधिक भंडारण या वितरण को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन माना जाएगा। अधिका. रियों ने चेतावनी दी कि उर्वरकों के अवैध परिवहन, कालाबाजारी अथवा डायवर्जन में संलिप्त पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (धारा 3/7) के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। वही यदि केन्द्र संचालक लिप्त पाया जाता तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू ने गोल चक्कर बनाने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिका. रियों ने बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर मेरठ करनाल रोड स्थित रेड लाइट पर गोल चक्कर बनाए जाने की मांग उठाई। साथ ही हाईवे पर बंद किए गए रास्तों को किसानों की सुविधा के लिए पुन: खोलने की भी मांग की गई।



भाकियू जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा कि गोहरनी भैंसवाल मार्ग पर बाईपास क्षेत्र में आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जनहानि और संपत्ति का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनएचएआई द्वारा उक्त स्थान पर यू-टर्न का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका किसान संगठन विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि यहां यू-टर्न के बजाय गोल चक्कर (रोटरी) एवं ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट) की व्यवस्था की जाए तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा किसानों ने जिले की तीनों शुगर मिलोंकृ थानाभवन, शामली और ऊनृमें बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग भी रखी। उन्होंने शामली शुगर मिल प्रशासन पर भुगतान में धीमी गति अपनाने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कपिल खाटियान, मोहि. हत शर्मा, साहस चौधरी, अंकित चौधरी, अनिल कुमार, संजीव राठी, कुलदीप पंवार, आकाश कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि थाना क्षेत्र में 1 जून को एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ मारपीट एवं धमकी देने की घटना सामने आई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना थाना भवन पर 3 जून 2026 को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी बिरम पुत्र स्वर्गीय ओमवीर निवासी मोहल्ला हाफिज दोस्त कस्बा एवं थाना थानाभवन जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी जेल भेज दिया है।

## राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में उन्नति योग सेंटर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थानाभवन के 10 खिलाड़ियों का हुआ चयन।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विश्व फिटनेस महासंघ के तत्वावधान में 30 मई 2026 को वृंदावन शोध संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में उन्नति योग सेंटर (मिशन पराक्रम) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की तथा जनपद शामली का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों के मध्य सेंटर के खिलाड़ियों ने योग कौशल, संत. ुलन, लचीलापन एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक अर्जित किए।

प्रतियोगिता की सबसे प्रतिष्ठित चौंपियन ऑफ द चौंपियंस स्पर्धा में उन्नति योग सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार सफलता हासिल की। जूनियर वर्ग में राघव सैनी तथा सीनियर वर्ग में योगाचार्य विशाल शर्मा विजेता घोषित किए गए।प्रतियोगिता में योगाचार्य विशाल शर्मा एवं राघव सैनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर सेंटर का गौरवबढ़ाया। वहीं जीविका सैनी (जूनियर गर्ल्स) एवं आरव राणा (सब-जूनियर बॉयज़) ने रजत पदक अर्जित किया। सलोनी कश्यप (जूनियर गर्ल्स) एवं अर्पित कश्यप (सब-जूनियर बॉयज़) ने कांस्य पदक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्नति योग सेंटर के 10 खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में योगाचार्य विशाल शर्मा, राघव सैनी, तानिया सैनी, जीविका सैनी, सलोनी कश्यप, रुद्र सैनी, सात्विक कुमार, अर्पित कश्यप, अविराज पुंडीर एवं आरव राणा शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर सेंटर के प्रशिक्षक योगाचार्य विशाल शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास अनुशासन एवं आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।उन्नति योग सेंटर परिवार ने सभी पदक विजेताओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नंदों पर मारपीट व संपत्ति बेचने पर का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** साक्षी पत्नी दीपक ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके दो नाबालिग बच्चे हैं। उसके पति और ससुर वर्तमान में जेल में हैं, जबकि करीब 25 दिन पूर्व उसकी सास का निधन हो गया था। आरोप है कि सास की मृत्यु के बाद उसकी बड़ी और छोटी ननद ने उसके साथ मारपीट की और गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया तथा उसे घर से बाहर निकाल दिया। नंदों ने 25 कुंतल अनाज और 5 कुंतल सरसों बेच दी है।


## के0 एल0 जनता इ0 का0 देवबन्द (सहारनपुर)

पत्रांक :- के०एल० जे०आई०सी० देवबन्द /वि०प्र०स०चु०-2026/6.7/2026-27 दिनांक-03.06.2026

चुनाव अधिसूचना

के०एल० जनता इ०का० देवबन्द की साधारण सभा के सभी प्रकार के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की प्रबन्ध समिति के गठन हेतु होने वाले चुनाव 2026 के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक सहारनपुर ने अपने पत्रांक-मा०देवबन्द/2217-22/2026-27 दिनांक 23-05-2026 के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। अत: प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्न कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न होगा।

**चुनाव कार्यक्रम**

| क्र.स. | विवरण | दिनांक व दिन | समय | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता सूची का प्रकाशन (संयुक्त शिक्षा निदेशक , सहरनपुर मण्डल, सहानपुर के पत्रांक-प्र0स0/382-86/2026-27 दिनांक 15.05.2026 में पारित निर्णयानुसार) | 11-06-2026 बृहस्पतिवार | प्रात: 10:00 बजे | विद्यालय के सूचना पट्ट पर |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्ति | 12-06-2026 शुक्रवार | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | विद्यालय के कार्यालय में |
| 3. | आपत्तियों का निस्तारण एवं अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 13-06-2026 शनिवार | प्रात: 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | विद्यालय कार्यालय/ सूचना पट्ट पर |
| 4. | नामांकन पत्र प्राप्त करना एवं भरकर जमा करना | 14-06-2026 रविवार | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | विद्यालय के कार्यालय में |
| 5. | नामांकन पत्रों की जांच एवं उनपर आपत्तियां | 15-06-2026 सोमवार | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | विद्यालय के कार्यालय में |
| 6. | नामांकन पत्रों पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 16-06-2026 मंगलवार | प्रात: 10:00 बजे से | विद्यालय के कार्यालय में |
| 7. | नामांकनकर्ताओं की सूची का प्रक. ाशन | 17-06-2026 बुधवार | प्रात: 10:00 बजे | विद्यालय के सूचना पट्ट पर |
| 8. | नाम वापसी | 18-06-2026 बृहस्पतिवार | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक | विद्यालय के कार्यालय में |
| 9. | प्रत्याशियों की अन्तिम सूची का प्रक. ाशन | 19-06-2026 शुक्रवार | प्रात: 10:00 बजे | विद्यालय के सूचना पट्ट पर |
| 10. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 20-06-2026 शनिवार | प्रात: 10:00 बजे से | विद्यालय के कार्यालय में |
| 11. | चुनाव (गुप्त मतदान द्वारा) | 28-06-2026 रविवार | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | विद्यालय भवन में |
| 12. | मदगणना | 28-06-2026 रविवार | अपराह्न 03:00 बजे | विद्यालय भवन में |
| 13. | चुनाव परिणाम की घोषणा | 28-06-2026 रविवार | मतगणना के उपरांत | विद्यालय भवन में |

पद जिनका चुनाव होना है: अध्यक्ष (एक पद), उपाध्यक्ष (एक पद), प्रबन्धक (एक पद), उपप्रबन्धक (एक पद), कोषाध्यक्ष (एक पद), सदस्यगण (सात पद)।

1. चुनाव गुप्त मतदान द्वारा सम्पन्न होगा।
2. नामांकन पत्र विद्यालय कार्यालय से नियत तिथि को समय पर प्राप्त किये जा सकेगें।
3. चुनाव सम्बन्धी समस्त कार्यक्रम विद्यालय भवन में कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगें।
4. नामांकन पत्र के साथ आधार कार्ड/मान्य आई०डी० की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. मतदान के समय आधार कार्ड/मान्य आई०डी० साथ लाना अनिवार्य है।

(मदन पाल सिंह)
चुनाव अधिकारी
वास्ते प्रबन्ध समिति गठन
के०एल० जनता इ०का० देवबन्द (सहारनपुर)


# दारुल उलूम में छुट्टियों के बाद पढ़ाई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद-उल-अजहा की छुट्टियों के बाद एक बार फिर से विश्व विख्यात शिक्षण संस्था दारुल उलूम गुलजार हो गया है। छात्रों की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। इस बीच एक बार फिर से दारुल उलूम ने छात्रों को चेताया और मल्टीमीडिया मोबाइल न रखने की नसीहत की है। कहा कि यदि किसी भी छात्र के पास मल्टीमीडिया मोबाइल पाया गया तो उसका तुरंत निष्कासन कर दिया जाएगा।



संस्था के छात्रावास प्रभारी मुफ्ती अशरफ अब्बास ने बताया कि छात्रों को बकरीद की छुट्टियों में घर जाने से पूर्व कहा गया था कि छात्र संस्था की हिदायत को याद रखें और घर से स्मार्ट फोन न लाए। यदि किसी छात्र को अपने घर में संपर्क करना है और उन्हें मोबाइल की आवश्यकता है तो वह की-पैड वाला मोबाइल इस्तेमाल करें और उसको ही अपने पास रखें। मुफ्ती अशरफ अब्बास ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि अब किसी तलबा के पास मल्टीमीडिया मोबाइल पाया गया तो उसका प्रवेश निरस्त कर संस्था से उसका नाम काट दिया जाएगा।

उन्होंने छात्रों से संस्था के नियमों का पालन करने और शैक्षिक जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वाह करने का आह्वान किया। कहा कि छात्र जिस मकसद से संस्था में आए है, उसे पूरा करें और अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही केंद्रित करें। छात्रावास प्रभारी ने बताया कि छात्रों के लिए इस तरह की हिदायत पिछले कई सालों से जारी की जा रही है। दरअसल, मल्टीमीडिया मोबाइल से समय की बर्बादी होती है और पढ़ाई पर छात्र का ध्यान नहीं रहता, इसलिए ही इसे संस्था में प्रतिबंधित किया गया है।

## जसमीत कौर को किया जाएगा सम्मानित

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश सिख फोरम की आयोजित बैठक में रूद्रपुर निवासी जसमीत कौर के पीसीएस उत्तराखंड 2026 की परीक्षा टाप करने पर हर्ष जताते हुए निर्णय लिया कि समिति जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर जसमीत को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में फोरम के महामंत्री गुरजोत सेठी ने कहा कि जसमीत कौर ने न केवल अपने नगर व माता पिता का बल्कि सिख समाज का नाम रोशन किया है। सचिव अरविंदर सिंह काका व लाडी कपूर ने कहा कि जसमीत के पीसीएस बनने से समाज के बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। सेठ कुलदीप कुमार, शुशविंदर पाल सिंह टोनी, हरपाल सिंह कपूर, बलदीप सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह आदि शामिल रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**देवबन्द।** ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल हो गए। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। नागल थानाक्षेत्र के पंडोली गांव निवासी जीशान और देवबंद के मोहल्ला पठानपुरा निवासी मोहम्मद जैद बाइक पर सवार होकर नागल की ओर जा रहे थे। जब वह सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे स्थित बिजलीघर के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। इस दौरान उनके परिजन भी वहां पहुंच गए। जो उपचार के बाद दोनों को अपने साथ ले गए। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

## अपल जिला जज कमर आलम के निधन पर सांसद इमरान मसूद ने दी सांत्वना

**देवबन्द।** सराय पीरजादगान निवासी अपर जिला जज कमर आलम के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सहारनपुर सांसद इमरान मसूद बुधवार को देवबंद पहुंचे। उन्होंने स्वजन से मुलाकात कर सांत्वना प्रकट की। कमर आलम की तैनाती बदायूं में थी। दो दिन पहले हृदयघात हुआ था। जिसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया, वहां उनका निधन हो गया। सांसद इमरान मसूद के अलावा पूर्व विधायक मसूद अख्तर और कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. रागिब अंजुम भी उनके देवबंद स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि कमर आलम के निधन से समाज और न्यायिक क्षेत्र में बड़ी क्षति पहुंची है। वह बेहद सौम्य स्वभाव के व्यक्ति और एक बेहतरीन इंसान थे। उनकी यादें हमेशा दिलों जिंदा रहेंगी।

## सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पूर्ण भुगतान किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग को ज्ञापन सौंपा।



उत्तर प्रदेश प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कुलदीप कुमार व महामंत्री देवानंद के नेतृत्व में पालिकाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में कहा गया कि जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। सेवा. निवृत्त होने के समय कम से कम पांच लाख रुपये का चेक दिया जाना जरूरी है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि नियमित कर्मियों को दो प्रतिशत और संविदा कर्मियों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ते का एरियर दिए जाना जरूरी है। उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि नियमित और संविदा कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का शासनादेश जारी हो चुका है। जिसे मई माह के वेतन में लगाकर दिए जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में दीपक कुमार, मनुज कुमार, नरेंद्र कुमार आदि कर्मचारी शामिल रहे।

# पुल जोगियान व चौक फव्वारा से हटाया अतिक्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज पुल जोगियान के निकट आधी सड़क कब्जा कर चटाई व सरकण्डे आदि बेचने वालों का अतिक्रमण जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कुछ सामान भी जब्त किया गया और आठ अतिक्रमणकारियों से साढे सात हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा ढमोला पुल, चौक फव्वारा तथा लिंक रोड पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद पुलिस और प्रशासन के आला अफसरों को भी अवगत कराया गया है तथा उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सम्बंधित थानों को पत्र लिखा गया है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रास्ता जाम से परेशान लोगों द्वारा नगर निगम में लगातार अतिक्रमण की शिकायत की जा रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण हटाओं दस्ते ने आज अनेक स्थानों पर जोरदार अभियान चलाया। अभियान चलाने से पहले पांच दिन तक लगातार स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गयी थी।

आज दोपहर जब निगम का अतिक्रमण हटाओं दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुल जोगियान पहुंचा तो नदी की पटरी पर आधी सड़क घेर कर बैठे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। पुल जोगियान से ढमोला पुल की ओर सरकण्डे -चटाई और छाज आदि बनाने वाले लोगों ने आधी सड़क घेर कर अवैध कब्जा कर रखा था जिससे वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने जेसीबी की मदद से समस्त अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया और दो काउण्टर, दो खोखे, चार मूढे, एक रैक सहित कुछ अन्य सामान जब्त कर लिया। जबकि आठ लोगों पर साढे सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

चौक फव्वारा पर सेहरे-पगड़ी व कपडे बेचने वालों ने ट्रांसफॉर्मरों को चारों तरफ से घेर कर भारी अतिक्रमण कर रखा था जिससे हर समय वहां जाम की स्थिति बनी रहती थी। ट्रांसफॉर्मरों में स्पार्किंग होने पर यहां किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। महापौर ने भी कुछ अरसा पहले बाजार का निरीक्षण करते हुए उक्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर से इस सब अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा सतयुग आश्रम के निकट ढमोला पुल पर फल विक्रेताओं द्वारा किये गए अतिक्रमण तथा लिंक रोड से राकेश सिनेमा की ओर जाने वाले मार्ग पर भी रेहड़ी-ठेली, ई-रिक्शा वालों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व टीम के जवान भी मौजूद रहे।

# भागवत कथा का भावपूर्ण रसपान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में शिवालय महादेव मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण कथा का रसपान किया।

कथा व्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने महारानी सती के आदर्श चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए भक्ति, त्याग और समर्पण का संदेश दिया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान के अनंत अवतार हैं, जिनमें 24 अवतार प्रमुख माने गए हैं। भगवान अपने भक्तों के उद्धार तथा दुष्टों के विनाश के लिए विभिन्न रूपों में अवतरित होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नीरज गोयल सर्राफ ने परिवार सहित विधिवत पूजन एवं हवन-यज्ञ के साथ किया। कथा में संजीव चौधरी, इंद्रेश त्यागी, मनोज चौहान, संजीव जैन सर्राफ, धर्मेंद्र राणा, अरविंद सिंघल, संदीप पुंडीर, रमेश सैनी मौजूद रहे।

# युवतियों को सिखाए सुरक्षा के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आज कस्बा छुटमलपुर में थाना फतेहपुर की महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर के नेतृत्व में महिला रिक्रूट आरक्षी दीक्षा और शुभांगी द्वारा एक विशेष एंटी रोमियो और जागरूकता अभियान चलाया गया।

महिला पुलिस टीम ने कस्बे के मुख्य बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त करते हुए मनचलों और अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया, तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय बालिकाओं और महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनमें सुरक्षा की भावना को जगाया। उप निरीक्षक मिथलेश राठौर ने युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी विपरीत परिस्थिति में बिना डरे आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# वैन में लगी आग, फायर ब्रिगेड व पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बुधवार सुबह एक वैन में अचानक आग लग जाने से वेन पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं कुछ लोगों द्वारा एक मकान से गैस रिफिलिंग की शिकायत किए जाने को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने उक्त संदिग्ध मकान को नोटिस जारी कर ताला लगा दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे पदम नगली रोड स्थित सत्संग भवन के पास एक वैन में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक अपनी जान बचाने के लिए वाहन छोड़कर भागकर अपनी जान बचाई देखते ही देखते वैन धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना किसी राहगीर द्वारा पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर एसडीएम सुरेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक अतुल कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। मौके पर मौजूद लोगों ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में कुछ वाहन चाल. कों द्वारा उक्त मकान से वाहनों में गैस भरवाई जाती है। जिसके कारण यहां इस प्रकार की घटना होने की आशंका बनी रहती है। वहीं कुछ लोगों ने मकान में गैस सिलेंडरों के भंडारण और गैस रिफिलिंग किए जाने की भी जानकारी दी। हालांकि मौके पर अधिकारियों को उक्त मकान पर ताला लगा हुआ मिला जिसके चलते तत्काल जांच नहीं ही सकी। मकान के बाहर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास भी असफल रहा।

एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर पूर्ति विभाग की टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया। जिस मकान को गैस रिफिलिंग के लिए संदिग्ध माना जा रहा है उसपर नोटिस जारी कर ताला लगा दिया गया है। साथ ही मकान स्वामी को अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना सरसावा पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया।

थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा एवं खनन अधिकारी के नर्तत्व में शाहजहांपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह व राजस्व विभाग की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम को एक महेंद्र अर्जुन ट्रैक्टर ट्राली आती दिखाई उन्हें उसे रोका तो चालक खनन संबंधी वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर नियमानुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर चौकी पर खड़ा करा दिया गया।

चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। बिना वैध दस्तावेजों के खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुल की मांग को तीसरे दिन भी भूख हड़ताल पर रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मसखरा नदी पर पुल बनवाने की मांग को लेकर ग्राम मुर्तजापुर के ग्रामीण तीसरे दिन भी भूख हड़ताल पर रहे। तीसरे दिन भी किसी राजनेता ने भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों की सुध नहीं ली। जिससे ग्रामीणों में रोष भी बना है। भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पुल का निर्माण नहीं किया जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों का जन प्रतिनिधियों के खिलाफ रोष बना हुआ है।

गौरतलब है कि गांव मुर्तजापुर दयालपुर मांझीपुर के ग्रामीण पिछले काफी दिनों से मसखरा नदी पर पुल बनवाने की मांग करते आ रहे हैं। पुल बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीण काफी दिनों से नदी किनारे धरना स्थल पर बैठे हैं। कोई सुनवाई न होने के कारण 1 जून से कुछ ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए। बुधवार को तीसरे दिन भी ग्रामीण भूख हड़ताल पर रहे और अन्न जल ग्रहण नहीं किया। अन्य ग्रामीण भी भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पर मौजूद रहे। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में युवा एकता सेवा समिति संगठन प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी, ब्रजभूसन सैनी, काशीराम सैनी, समय सिंह सैनी और खड़क सिंह शामिल है। भूख हड़ताल के तीसरे दिन भी इन लोगों के बीच न तो कोई राजनेता ही पहुंचा और न ही किसी प्रशास. निक अधिकारी ने इनकी सुध ली। जिससे ग्रामीणों में रोष भी बना हुआ है।

युवा एकता सेवा समिति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी का कहना है कि ग्रामीण पिछले काफी दिनों से पुल निर्माण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन उनकी किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने ओर अन्य ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पुल का निर्माण नहीं किया था उनका संघर्ष जारी रहेगा। धरना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण कांस्य पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** विकास खण्ड सरसावा क्षेत्र के गांव हैदरपुर के दो होनहार खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर गांव, क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ाया है।

30 मई से 3 जून तक ओडिशा में आयोजित जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में बसंत चौहान पुत्र अशोक चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि अयान चौधरी पुत्र एडवोकेट परवेज चौधरी ने कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

हैदरपुर के इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पूरे सहारनपुर जनपद के लिए गर्व का विषय बनी हुई है।

## मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने देवर व जेठ पर गलत नजर रखने तथा पति द्वारा विरोध करने पर पीड़िता व पति के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा घायल पीड़ित पति व पत्नी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

ग्राम घाटहेडा निवासी पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसके देवर व जेठ उस पर गलत नजर रखते हैं। इस बात की शिकायत उसने अपने पति से की थी। तब पति ने अपने पिता से यह बात बताते हुए विपक्षियो को समझाने के लिए कहा था। इसी बात की वजह से देवर व जेठ उससे रंजिश रखने लगे तथा आये दिन उसके व पति के साथ मारपीट करते रहते हैं।

# गगन गुलाटी अध्यक्ष व राजवीर बने संयोजक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** व्यापारियों के हितों की रक्षा और टू व्हीलर ऑटो पार्ट्स व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सहारनपुर टू व्हीलर ऑटो पार्ट्स एसोसिएशनका गठन कर लिया गया है।

गठन की बैठक महानगर इकाई द्वारा रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन में आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक जसपाल सिंह बन्ना, अध्यक्ष गगन गुलाटी महामंत्री मुस्तजाब अली, कोषाध्यक्ष मनीष सहगल, संयोजक राजवीर सिंह बेदी को चुना गया

व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक मनोचा ने चुने पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। एसोसिएशन के गठन से न केवल व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

बैठक में महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, युवा चेयरमैन दीपक डोडेज, युवा अध्यक्ष अनुष्क शर्मा, युवा कोषाध्यक्ष नितिन चौहान' हरी, आलोक, विनय, धिन्नू, अमित, दीपक, पिरथी, तिलक, ओजि, सोनू, सहजाद, रिशी, दीपक महालक्ष्मी, मेहताब, हसदेव, इद्दू, दीपक दांवरा, अमजद, गुरप्रीत, वरुण, आतिफ, प्रिंस जैन, रो. हित लाली, सोनू एम, दीपक आसरा, सनी, गुरशल, दशमेश, सिमर, बिन्नू, जिन्नी, कपिल, विनीत, जावेद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के मामले मे फरार चल रहे एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनोद की अगुवाई में पुलिस टीम ने चौकिंग अभियान के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर गैंगस्टर एक्ट मे मुकदमे मे फरार चल रहे एक आरोपी दिलशाद उर्फ कल्लू पुत्र जाहिद निवासी ग्राम चौरा खुर्द थाना चिलकाना को ग्राम नगला जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 656 / जि0पं0/2026-27 दिनांक 03-06-26

**निविदा सूचना**

कार्यालय पत्रांक-222/जि0पं0 / 2026-27, दिनांक 28.04.2026 द्वारा जिला पंचायत, सहारनपुर की अस्थाई गौ-आश्रय स्थल, ग्राम भारीदीनदारपुर में गौवंशो के भरण पोषण हेतु 1800 कुन्तल भूसा की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.05.2026 में निविदा आमंत्रित की गयी थी। उक्त दिनांक में किसी भी फर्म / व्यक्ति द्वारा निविदा नही डाली गयी। इसलिए आवश्यकता अनुसार भूसा की आपूर्ति दिनांक 14.07.2026 से दिनांक 31.05.2027 तक के लिए दिनांक 18.06.2026 में सांय 3:00 बजे तक जिला पंचायत, सहारनपुर में पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाए अभियन्ता, जिला पंचायत, सहारनपुर के कक्ष में रखे टैण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा फार्म तददिनांक को दोपहर 1:00 तक इस कार्यालय से क्रय किये जा सकेंगे, जो तददिनांक को ही सांय 4:00 बजे गठित निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओ की उपस्थिति में खोले जायेंगे। शेष शर्तें पूर्वतः रहेगी। जो कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, सहारनपुर



**सूचना**

मैनें अपना नाम प्रवीण वर्मा (Praveen Verma) से बदलकर प्रवीण कुमार वर्मा (Praveen Kumar Verma) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**प्रवीन कुमार वर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द वर्मा निवासी म. न. 3/1581, एम जी एम स्कूल के सामने जनक नगर जिला सहारनपुर।**



**सूचना**

मैंने अपना नाम Mohd Rashid से बदल कर MOHAMMAD RASHID रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**MOHAMMAD RASHID S/o Mohd Khalid R/o 9/333 MOUHALLA MUFTI, Saharanpur, Uttar Pradesh-247001**


# जीएसटी सहित अनेक प्रावधनों की दी जानकारी

**सहारनपुर।** राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निवारण एवं कर व्यवस्था को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आयोजित विशेष व्यापारी संवाद कार्यक्रम में सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज ने जीएसटी पोर्टल के नवीन फीचर्स, पंजीकरण प्रक्रिया, ई-वे बिल तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

बुधवार को नानौता स्थित चानन दास धर्मशाला, में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम मे उपायुक्त राज्य कर अरूणेश कुमार यादव ने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों को उत्पीड़न मुक्त एवं पारदर्शी व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापारियों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देना भी है। सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज ने जीएसटी पोर्टल के नवीन फीचर्स, पंजीकरण प्रक्रिया, ई-वे बिल तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। संवाद के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। नीतिगत विषयों को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन भी दिया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएं तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एवं हेल्पडेस्क सेवाओं का उपयोग करें। कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त अरूणेश कुमार यादव ने सभी व्यापारिक संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज, वरिष्ठ सहायक गौरव कुमार, वरिष्ठ सहायक अंकुश कुमार सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन लाल किनरा, जिला संयोजक राजीव नामदेव, मुकेश पराशन, अनिल जैन, सरदार अरविंदर सिंह, अरविंद नामदेव, मनोज जैन, हरीश तनेजा, अमित गर्ग, फजल अली, विकास जैन, राहुल अग्रवाल, हार्दिक तनेजा अधिवक्ता सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता उपायुक्त राज्य कर अरूणेश कुमार यादव ने की।

# मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**चिलकाना।** सरसावा व चिलकाना थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने दौराने मुठभेड़ एक लाख के ईनामी बदमाश अहसान को ढेर कर दिया था। उच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेट ने इस घटना की न्यायायिक जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर को नामित किया है।

ज्ञात हो कि हाल ही में चिलकाना-सरसावा थाना की संयुक्त पुलिस टीम और बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश अहसान पुलिस की जवाबी फायरिंग में मारा गया था। इस मुठभेड़ में थाना प्रभारी सरसावा प्रवेश शर्मा व मुख्य आरक्षी सोनू कुमार गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि एक बदमाश जंगल का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा था। बता दें कि मृतक अहसान बेहद शातिर किस्म का अपराधी था, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों पर लूट और डकैती के ढाई दर्जन से भी अधिक मामले दर्ज थे। उच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उपजिला मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर को नामित किया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति या परिजन इस मामले में लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह 11 जून तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच एसडीएम सदर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज करा सकता है।

# जरूरतमंद बेटी के विवाह में दिया घरेलू सामान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अल खैर फाउंडेशन ने मंगलवार को जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में घरेलू सामान देकर समाज सेवा और मानवता की मिसाल कायम की है। संगठन की इस सराहनीय पहल की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

फाउंडेशन के सदस्य शाहनवाज पीरजी ने बताया कि संगठन की टीम जरूरतमंद परिवारों की पहचान करने के लिए विभिन्न इलाकों का दौरा करती है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में हर संभव सहायता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि संगठन पहले ही तीन जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुका है और मंगलवार को भी एक बेटी को आवश्यक घरेलू सामान उपहार में दिया गया है।

सदस्य सभासद कामिल मलिक ने कहा कि अल खैर फाउंडेशन सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय है। ईद-उल-अजहा के अवसर पर संगठन द्वारा गरीब परिवारों को राशन किट वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. फैसल, डॉ. खुशनूद खान, अनवर चौधरी, हाजी वसीम, जमशेद शाह, सैयद शाह, कामिल मलिक, असजद नावेद, सैयद शारिक हुसैन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

